E-Newsletter

Octuber - 2016

विसर्जन स्थल का लिया जायजा

बहराइच | हिन्दुस्तान संवाद

नगर पालिका अध्यक्ष हाजी रेहान खां ने मंगलवार की सुबह झिंगहाघाट स्थित विसर्जन स्थल का जायजा लिया। उन्होंने विसर्जन स्थल की सफाई, प्रकाश व्यवस्था व पेयजल के इंतजाम मुकम्मल रखे जाने की हिदायत दी। विगत दिनों श्रीदुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति की ओर से विसर्जन स्थल पर जल की कमी होने का ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया था।

सदर नपाप चेयरमैन ने नदी की सफाई का जायजा लिया। उन्होंने हिदायत दी कि विसर्जन में श्रृद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सफाई व्यवस्था में कोताही न काबिलेबर्दाश्त होगी। प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएगी। क्योंकि देर रात तक विसर्जन का सिलसिला जारी रहता है। विसर्जन स्थल के मार्ग को भी दुरुस्त कराया जा रहा है। उनके साथ जेई एसके सिंह, सफाई निरीक्षक प्रदीप अग्निहोत्री, सुभाष, सफाई नायक मिज्जन, चेयरमैन प्रतिनिधि के के सक्सेना मौजूद रहे।

मूर्ति विसर्जन स्थल का जायजा लेते नगर पालिका के चेयरमैन व अन्य लोग • हिन्दुस्तान

Nagar Palika Parishad Bahraich

E-Newsletter

Octuber - 2016

मूर्ति विसर्जन की तैयारियों में जुटा नपाप

◆ मार्गो को दुरुस्त करने का निर्देश

जासं, बहराइच : नवरात्र के बाद देवी प्रतिमाओं का विसर्जन झिंगहाघाट स्थित सरयू नदी के तट पर होता है। विसर्जन से पूर्व यहां इस स्थल की साफ सफाई और नदी में पानी का बहाव हो, इसके लिए नगर पालिका ने जेसीबी मशीन से खोदाई शुरू दी है।

मंगलवार को नपाप अध्यक्ष मुहम्मद रेहान खां कर्मियों के साथ विसर्जन स्थल झिंगहाघाट पहुंचे। साफ सफाई को लेकर सफाई निरीक्षक प्रदीप अग्निहोत्री से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विसर्जन से पूर्व सफाई व तट के आसपास आने जाने वाले मार्गो को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि विसर्जन के दिन चूना का छिड़काव कराएं। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर अवर अभियंता एसके सिंह, सफाई नायक सुभाष, मिज्जन व केके सक्सेना मौजूद रहे।

झिंगहा घाट सरयू तट पर मूर्ति विसर्जन की तैयारियों का जायजा लेते नपाप अध्यक्ष मुहम्मद रेहान व अन्य जागरण

Nagar Palika Parishad
Bahraich

E-Newsletter

Octuber - 2016

नपाप कर्मियों ने लगाया जाम

जासं, बहराइच : बुधवार को शहर के हीरा सिंह बाजार के पास सफाई व्यवस्था में लगे सफाई कर्मी को कुछ दबंगो ने पीट दिया। इससे नगर पालिका परिषद कर्मियों में आक्रोश फैल गया। घटना से आहत कर्मियों ने मुख्य बाजार में कई गाड़ियों को आड़ा तिरछा खड़ा जाम लगा प्रदर्शन किया। एक घंटे तक मुख्य बाजार मे जाम लगा रहा। सूचना पर एसडीएम सदर व नगर कोतवाल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसी तरह कर्मियों को समझा बुझा कर शांत कराया। जेसीबी चालक की तहरीर पर दरगाह थाने में नामजद दबंगों के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है।

हीरा सिंह बाजार में नपाप कर्मचारी शहर की सफाई व्यवस्था में लगे हुए थे। आरोप है कि इस दौरान हीरा सिंह बाजार मे कुछ दबंगो ने जेसीबी चालक सुंदर से गाली गलौज कर हाथापाई की। घटना की जानकारी मिलते ही सैकडों की संख्या में पालिकाकर्मी वाहनों के साथ मौके पर पहुंच गए। गाडियों को सड़क के बीच खड़ा कर सड़क जाम कर दिया। कर्मियों ने दबंगो पर कार्रवाई की मांग कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन से बाजार में दूर तक जाम लग गया। जानकारी पाकर नगर पालिका अध्यक्ष मुहम्मद रेहान खां भी मौके पर पहुंच गए। जाम की सूचना पर एसडीएम सदर नागेंद्र यादव नगर कोतवाल जेएन शुक्ला दरगाह थाना प्रभारी पीके सिंह भी मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई का अश्वासन दिया। इसके बाद पालिका कर्मियों ने जाम हटाया। एक घंटे तक शहर में जाम लगा रहा, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रभारी निरीक्षक दरगाह ने बताया कि नपाप कर्मी साधू शरण की तहरीर पर लकी सिंह पुत्र मनोज सिंह निवासी ब्राहम्णीपुरा के खिलाफ मारपीट व अन्य कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोतवाल को घटना की जानकारी देते नपाप अध्यक्ष हाजी रेहान जागरण